प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने काशी में नमो घाट और देव दीपावली का किया शुभारम्भ : कहा– सशक्त राष्ट्र के लिये सामाजिक समरसता जरूरी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अतंर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का किया शुभारम्भ : कहा– राज्य सरकार जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिये चला रही है विभिन्न योजनाएं।
3. राज्य में पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा आगामी 22 दिसम्बर को एक ही दिन दो पालियों में कराई जायेगी सम्पन्न।

और

4. प्रदेश भर में धार्मिक श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है गुरूनानक जयंती : कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी।

———————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज वाराणसी में राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की मौजूदगी में नमो घाट का लोकार्पण किया। इस दौरान 11 लाख दीपों के प्रज्ज्वलन, गंगा आरती, लेजर शो और ग्रीन आतिशबाजी के बीच देव दीपावली की शुरूआत हुई। समारोह को संबोधित

करते हुए उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने कहा कि सशक्त राष्ट्र के लिये सामाजिक समरसता जरूरी है। बाइट......

*हमारी संस्कृति हमें प्रेरणा देती है। सभी को साथ देकर चलें। भारत सामाजिक समरसता की नींव है, दुनिया को बड़ा संदेश देती है। मानवता का सबसे बड़ा धर्म क्या है? सामाजिक समरसता होनी चाहिए। हमारे बीच मत भेद हो सकते हैं। मतभेद भी हो सकते हैं। मतभेद कम से कम नहीं चाहिए। कोशिश करनी चाहिए न हो पर जब राष्ट्र हित के मामले में हम कुछ लोगों को देखते हैं कि वो इसको सर्वोपरि नहीं रखते हैं तो देश में चुनौती का वातावरण बनता है उस वातावरण के प्रति सजग रहने के लिए हमारी सांस्कृतिक माला जो है, हम सबको उसी का हिस्सा रहना है।*

इससे पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि केन्द्र सरकार के विभिन्न याजनाओं से काशी का स्वरूप लगातार बदल रहा है। बाइट.....

*भारत की प्राचीन सभ्यता में काशी का एक विशेष स्थान है। यह संस्कृति और सभ्यता का संगम है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में काशी का स्वरूप बदल रहा है। यह विरासत और विकास एक साथ कदम मिलाकर चल रहे हैं। एक तरफ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स विकास का प्रतीक बन रहे हैं तो दूसरी तरफ यहाँ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं का विकास हो रहा है।*

इस अवसर पर राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल और दयाशंकर मिश्र दयालु सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद थे। नमो घाट पर्यटकों के लिये नया आकर्षण का केन्द्र बन गया है और 75 फीट ऊंचा नमस्ते स्कल्पचर गंगा किनारे का मुख्य आकर्षण बना हुआ है।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बिहार के जमुई में भगवान बिरसा मुंडा की 150वों जयंती वर्ष समारोह की शुरुआत की। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट का अनावरण किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने ग्रामीण और दूर–दराज के इलाकों में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए 6 हजार 640 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर प्रधाानमंत्री ने बिरसा मुंडा के योगदान और बलिदान के प्रति श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की आजादी और जनजाति गौरव के लिये यह सदैव याद किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि 60 हजार से अधिक आदिवासी गांवों के विकास के लिये सरकार ने एक विशेष अभियान शुरु किया है।

————————

इधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जंयती के अवसर पर आयोजित अतंर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारम्भ किया। इस मौके पर श्री योगी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी और जनजातीय समुदाय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। बिरसा मुंडा और जनजाति समुदाय के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने जनजातीय–समुदाय के उत्थान का जिक्र करते

हुए कहा कि राज्य में इस समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिये विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। बाइट.....

*सभी योजनाओं से उन्हें संतृप्त करने के लिये जो अभियान हम लोगों ने 2017, 18 में प्रारम्भ किया था, आज वह पूरी गति के साथ आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश के अंदर लगभग 11 जनपद ऐसे हैं जहाँ पर जनजातीय समुदाय रहता है। उन्हें समाज के साथ लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के भी कार्यक्रम चल रहे हैं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदाय की विरासत और संस्कृति सुरक्षित रहे इसके लिये कई जगहों पर म्यूजियम बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बलरामपुर और सोनभद्र में संग्रहालय बना चुकी है। इस मौके पर राज्य के समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने कहा कि प्रदेश सरकार वनवासी समाज को वनाधिकार दिलाने के लिये पूरी तरह तत्पर है।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में चार दिवसीय कृषि भारत सम्मेलन का उद्घाटन किया। सीआईआई के सहयोग से आयोजित कृषि क्षेत्र के विकास और नवाचार पर आधारित 'कृषि और प्रौद्योगिकी सम्मेलन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में आज सबसे बड़ी चुनौती कृषि लागत को कम करना और अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके कृषि को केमिकल मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए परस्पर सहयोग से समाधान निकालना होगा। श्री योगी ने कहा कि सरकार

किसानों की आवश्यकताओं और उनके आर्थिक उत्थान के प्रति समर्पित है तथा इस दिशा में विभिन्न योजनाओं के साथ ठोस उपाय किये जा रहे हैं। सम्मेलन में करीब एक लाख किसान और देश विदेश की 200 से ज्यादा कृषि उत्पाद कंपनियां हिस्सा ले रही हैं।

———————

बक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा पीसीएस–प्रारम्भिक परीक्षा आगामी 22 दिसम्बर को एक ही दिन में दो पालियों में आयोजित की जायेगी। आयोग के अनुसचिव ओंकारनाथ सिंह ने बताया कि राज्य सरकार ने यह फैसला प्रतियोगी छात्रों की मांग को ध्यान में रखते हुए किया है। इस बीच समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारम्भिक परीक्षा–2023 जो 22 और 23 दिसम्बर को होनी थी, उसे स्थगित कर दिया गया है। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश

लोक सेवा आयोग के वरिष्ठतम सदस्य कल्पराज सिंह की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। समिति के रिपोर्ट पर विचार करने के बाद जल्द ही इन दोनों प्रारम्भिक परीक्षाओं की तिथि की घोषणा की जायेगी।

———————

सिख पंथ संस्थापक और पहले गुरू श्रीगुरु नानक देव का 555वां प्रकाश पर्व आज प्रदेशभर में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। जगह–जगह गुरूद्वारों को दिव्य और भव्य रूप से सजाया गया है और विशेष दीवान के साथ शबद–कीर्तन और पाठ का सिलसिला जारी है। इस दौरान लंगर का आयोजन भी किया गया है। राजधानी लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली समेत विभिन्न स्थानों पर आज सुबह प्रभात फेरिया निकाली गई। शहर के आलमबाग स्थित गुरूद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि श्रीगुरू नानक देव ने सामाजिक समरसता के लिये जिन उच्च आदर्शो और स्वस्थ परम्पराओं की स्थापना की, उनसे प्रेरणा लेकर देश, समाज और धर्म के लिये लगातार काम करना चाहिये। ताकि युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिल सकें।

*हम लोगों ने गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 4 साहबजादो की स्मृति को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का जो कार्यक्रम आगे बढ़ाया। आज प्रधानमंत्री मोदी जी ने 26 दिसंबर की तिथि को पूरे देश के अंदर वीर बाल दिवस के रूप में मनाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की घोषणा की*

*है। और इससे उन साहबजादो के साथ–साथ आज की युवा पीढ़ी को भी देश और धर्म के लिए एक नई प्रेरणा प्राप्त हो रही है।*

————————

आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेशभर में लाखों श्रद्धालु प्रमुख नदियों में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। अयोध्या में कार्तिक पूर्णिमा मेले के आखिरी चरण के मुख्य स्नान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सरयु नदी में स्नान कर धार्मिक अनुष्ठान पूरे कर रहे हैं। पूर्णिमा स्नान के साथ ही महीने भर से यहां ठहरे कल्पवासियों के वापसी का क्रम भी शुरू हो गया है। वाराणसी, प्रयागराज, उन्नाव, रायबरेली, भदोही और हापुड़ के विभिन्न गंगा घाटों, बलिया में गंगा तमसा तट और बलरामपुर में राप्ती नदी के घाटों पर लाखों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर दान पुण्य किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख शांति के लिये कामना की।

————————

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा तथा अंतिम टी–टवेंटी क्रिकेट मैच जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच आज रात साढे आठ बजे से शुरू होगा।

(समाप्त)